भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 6073
बुधवार, 01 अप्रैल, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारत मौसम विज्ञान विभाग की वेधशालाएँ

†6073. श्री अरूण नेहरू:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु में भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की वेधशालाओं और सलाह संबंधी कवरेज का जिले-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) पेराम्बलूर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए तैनात संसाधनों का ब्यौरा क्या है;और
(ग) तमिलनाडु के सूखा-प्रवण जिलों में अतिरिक्त मौसम केंद्रों संबंधी योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) मंत्रालय के अधीन भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) तमिलनाडु और पुदुचेरी में 35 मैनुअल सतह मौसम संबंधी वेधशालाओं (विभागीय और गैर-विभागीय दोनों), 56 स्वचालित मौसम स्टेशनों (एडब्ल्यूएस), 87 स्वचालित वर्षा गेज (एआरजी), 11 एग्रो-एडब्ल्यूएस से युक्त मौसम संबंधी वेधशालाओं का एक नेटवर्क रखता है। हालांकि, वर्तमान में उपलब्ध 154 प्रेक्षण स्टेशनों में से तमिलनाडु के प्रत्येक जिले में कम से कम 2 से 3 एडब्ल्यूएस / एआरजी / एग्रो-एडब्ल्यूएस हैं। इसके अलावा, 5 डॉप्लर मौसम रडार (चेन्नई बंदरगाह, चेन्नई पल्लीकरनई, कराईकल, कलपक्कम (बीएआरसी), और श्रीहरिकोटा (इसरो)) हैं। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा (जीकेएमएस) के तहत तमिलनाडु के सभी जिलों को जिला-स्तरीय और ब्लॉक-स्तरीय कृषि-मौसम संबंधी परामर्शी सेवाओं के अंतर्गत कवर किया गया है, जो द्वि-साप्ताहिक जारी की जाती है।

(ख) पेरम्बलुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र भारत मौसम विज्ञान विभाग के प्रेक्षण और परामर्श ढांचे के अंतर्गत आता है। ये संसाधन कृषि, आपदा तैयारी और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए निरंतर मौसम निगरानी और समय पर परामर्श सहायता सुनिश्चित करते हैं। निम्नलिखित संसाधन उपलब्ध हैं:

- पूरे राज्य के नेटवर्क के हिस्से के तौर पर, पेरम्बलूर ज़िले और उसके आस-पास एडब्ल्यूएस और एआरजी की सुविधा।
- ज़िला-वार वर्षा निगरानी योजना (DRMS), ब्लॉक-वार वर्षा निगरानी योजना (BRMS), ज़िला-स्तरीय मौसम पूर्वानुमान के अधीन कवरेज और ग्रामीण कृषि मौसम सेवा (GKMS) के तहत जारी कृषि-मौसम संबंधी एडवाइजरी का कवरेज।
- SMS, मोबाइल ऐप, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ज़रिए पूर्वानुमान और चेतावनियों का प्रसार।
- मौसम की गंभीर घटनाओं, जैसे कि लू, भारी वर्षा और सूखे के दौर के लिए पूर्व चेतावनी सेवाएँ।

विशेष रूप से, पेरम्बलूर निर्वाचन क्षेत्र में:

- पेरम्बलूर शहर में एक एडब्ल्यूएस प्रचालन में है।
- दो एआरजी एक चेट्टीकुलम में और दूसरा वेप्पंथट्टई में प्रचालन में हैं।
- DRMS स्टेशन।

(ग) मंत्रालय, मौसम के पूर्वानुमान में बेहतर सटीकता हासिल करने के साथ-साथ समय पर पूर्व चेतावनी प्रणालियों को मज़बूत करने की दिशा में, एडब्ल्यूएस, एआरजी, एग्रो- एडब्ल्यूएस, डीडबल्यूआर जैसे प्रेक्षण नेटवर्क तमिलनाडु को शामिल करते हुए अनुसंधान और विकास अवसंरचना में तेजी लाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

****